Exam. Code: 0009
Sub. Code: 0705

2012
B.A./B.Sc. (Hons.)-5th Semester
Hindi
Paper-III(A)

Time allowed: 3 Hours Max. Marks: 90

**नोटः– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

-*-*-*-

I. निम्नलिखित में से दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए–

(क) उस समाधि–जैसे घर में लोहे के प्राचीर से घिरे फूल के समान वह किशोरी बालिका बिना किसी संगी–साथी, बिना किसी प्रकार के आमोद–प्रमोद के, मानो निरन्तर वृद्धा होने की साधना में लीन थी।

**अथवा**

पर उसकी सचेत आँखों में न जाने कौन–सी जिज्ञासा भरी थीं। वे निरन्तर घड़ी की तरह खुली मेरे मुख पर टिकी ही रहती थी। मानो मेरी सारी विद्या–बुद्धि को सीख लेना ही उनका ध्येय था। (10)

(ख) जाग जाने पर उसे यह विचार अव्यवहारिक लगा था। बुढ़ापे के मरीज को घर में लाकर रखना आसान काम नहीं था। घर की किसी कोठरी में पड़ा भी रहे, माना कि मैं एक छोटा–सा नौकर भी उसके लिए रख दूँ जो उसकी टहल–सेवा करे, पर मेरी पत्नी कहाँ–मानेगी।

**अथवा**

उन दिनों के बारे में सोचता हूँ, तो लगता है, हम किसी झुटपुटे में ही जी रहे थे। शायद समय बीत जाने पर अतीत का सारा व्यापार ही झुटपुटे मे बीता जान पड़ता है, ज्यों–ज्यों भविष्य के पर खुलते जाते हैं, वह झुटपुटा और भी गहराता चला जाता है। (10)

II. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिएः–

(क) 'अलोपी' के चरित्र पर प्रकाश डालें।

**अथवा**

'अभागी स्त्री' पाठ की मूल संवेदना पर विचार करें। (15)

(ख) 'समाधि भाई रामसिंह' कहानी का सार लिखें।

**अथवा**

'चीफ़ की दावत' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालें। (15)

***P.T.O.***

III. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–

(क) रस किसे कहते हैं लक्षण देते हुए उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

(ख) शब्द शक्तियों की परिभाषा एवं उदाहरण लिखें।

(ग) प्रतीक के स्वरूप का परिचय दीजिए।

(घ) बिम्ब किसे कहते हैं? बिम्ब के स्वरूप को स्पष्ट करें। (2×15)

IV. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से पाँच प्रश्नों का सटीक उत्तर लिखें:–

(क) बलराम किस कहानी का पात्र है?

(ख) 'साग–मीट' कहानी के पात्र जग्गा के चरित्र की दो विशेषताएं बताएं।

(ग) 'यादें' कहानी की पात्र लखमी अपनी किस सहेली से मिलने उसके घर जाती है?

(घ) 'सबिया' किस पौराणिक पात्र का अपभ्रंश है?

(ङ.) अभिधा शब्द–शक्ति किसे कहते हैं?

(च) 'रधिया' किस संस्मरण की पात्र है?

(छ) 'अतीत के चलचित्र' के रचनाकार का क्या नाम है?

(ज) श्रृंगार रस का स्थायी--भाव क्या है? (5×2)

-*-*-*-